# दी बिहार पोस्ट्स एण्ड टेलिग्राफ्स को-ऑपरेटिव सोसाईटी लिमिटेड

जी.पी.ओ. परिसर, पटना-800001

Registered Under Section 103 of the Multi-State Co-operative Society Act 2003

COOP Registered No. MSCS/CR/1496/2024 Dated 28.03.2024


Phone No. - 612- 2222405, 2221344, E-mail- posttelegraph1920@gmail.com

## 48वीं आम-सभा

## दिनांक 21 सितम्बर 2025

स्थान

गेट पब्लिक लाईब्रेरी एण्ड इंस्टीच्यूट गर्दनीबाग, पटना-2



# सचिवीय प्रतिवेदन

सी. सिंह

सचिव

कृते प्रबंधकारिणी समिति

# 47वीं आम-सभा


& 22 Date : 1 -06-1968
Phone No.-0612-2222405, 2221344, Email : posttelegraph1920@gmail.com
47 वीं आम-सभा
दिनांक--26-05-2024 (रविवार)
THE BIHAR POSTS & TE





श्री ओम प्रकाश राय
सदस्य



श्री हीरालाल भक्त
सदस्य



श्रीमती अंजनी सिन्हा
सदस्य



श्रीमती शोभा शर्मा
सदस्य



श्रीमती प्रमिला देवी
सदस्य



श्रीमती तुसिया देवी
सदस्य

# दी बिहार पोस्ट्स एंड टेलीग्राफ्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड

**जी.पी.ओ. परिसर, पटना-800001**

Registered Under Section 103 of the Multi-State Co-operative Society Act 2003

COOP Registered No. MSCS/CR/1496/2024 Dated 28.03.2024

Phone No. - 612- 2222405, 2221344, E-mail- posttelegraph1920@gmail.com

## 48वीं आम-सभा
## दिनांक 21.09.2025

स्थान

**गेट पब्लिक लाईब्रेरी एंड इंस्टीच्यूट गर्दनीबाग, पटना-2**

# सचिवीय प्रतिवेदन

## सी. सिंह

सचिव

कृते प्रबंधकारिणी समिति


# दी बिहार पोस्ट्स एण्ड टेलिग्राफ्स को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि., पटना
## निर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण



**श्री उपेन्द्र कुमार तिवारी**
अध्यक्ष



**श्री रामेश्वर प्रसाद सिन्हा**
उपाध्यक्ष




**श्री चन्देश्वर सिंह**
सचिव



**श्री जनार्दन प्रसाद वर्मा**
कोषाध्यक्ष

# 47वीं आम-सभा





***The Bihar Posts & Telegraphs Co-operative Society Ltd., Patna***

**Registered Under Section 103 of the Multi-State Co-operative Society Act 2003**

**COOP** **Registered No. MSCS/CR/1496/2024 Dated 28.03.2024**

**H.Q.- G.P.O. COMPOUND, PATNA- 800 001**

**Phone No. - 612- 2222405, 2221344, E-mail- posttelegraph1920@gmail.com**

दिनांक - 21-09-2025

# आम-सभा की सूचना

अपार हर्ष के साथ सूचित करना है कि दी बिहार पोस्ट्स एंड टेलीग्राफ्स को–ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के निदेशक मंडल की स्वीकृति के अनुपालन में दी बिहार पोस्ट्स एंड टेलीग्राफ्स को–ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की 48वीं वार्षिक आमसभा दिन रविवार दिनांक 21.09.2025 को पूर्वाह्न 10:00 से गेट पब्लिक लाइब्रेरी एंड इंस्टिट्यूट, गर्दनीबाग, रोड नंबर 15, पटना–800002 में आयोजित की गई है। वर्ष 2024–25 का अंकेक्षण प्रतिवेदन, वार्षिक प्रतिवेदन एवं प्रस्तावित उप विधि के साथ वर्ष 2024–2025 एवम् वर्ष 2025–2026 का क्रियाकलाप संलग्न किया जा रहा है। वार्षिक आमसभा में भाग लेने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि अपने साथ समिति का सदस्यता प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं आधार कार्ड साथ में अवश्य लावें।

## वार्षिक आम-सभा का उद्देश्य

1. गत वार्षिक आम सभा की कार्यवाही की सम्पुष्टि पर विचार।
2. केन्द्रीय निबंधक, सहयोग समितियाँ, नई दिल्ली के पत्रांक–L-11016/12/2003-Reg. दिनांक 28.02.2024 द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में प्रस्तावित उपविधि की सम्पुष्टि पर विचार।
3. वित्तीय वर्ष 2024–2025 के अंकेक्षण प्रतिवेदन की सम्पुष्टि पर विचार।
4. सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदन पर विचार।
5. वार्षिक बजट एवं क्रियाकलापों के अनुमोदन पर विचार।
6. केन्द्रीय निबंधक, स० स०, नई दिल्ली के पास दाखिल करने के लिए बोर्ड द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट पर विचार।
7. केन्द्रीय निबंधक, स० स०, नई दिल्ली एवं अन्य विभागों से पत्राचार सम्पुष्टि पर विचार।
8. शुद्ध अधिशेष (लाभांश) का निपटान एवं संचालन घाटा का पुनर्विलोकन पर विचार–विमर्श।
9. वर्ष–2025–2026 एवं 2026–2027 के दीर्घकालीन महत्त्व की योजनाओं एवं वार्षिक परिचालन योजनाओं का अनुमोदन पर विचार।
10. सांविधिक लेखा परीक्षक एवं आंतरिक लेखा परिक्षकों की नियुक्ति एवं हटाने पर विचार।
11. लेखा परीक्षक/विशेष लेखा परीक्षा अनुपालन रिपोर्ट पर विचार।
12. आरक्षित एवं अन्य निधियों के वास्तविक उपयोगिता का पुर्नविलोकन पर विचार।
13. वर्ष 2023–2024 के लेखा परीक्षक की रिपोर्ट केन्द्रीय निबंधक, नई दिल्ली के यहाँ दाखिल किये जाने के लिए लेखा परीक्षक विवरण पर विचार।
14. अन्यान्य अध्यक्ष के अनुमति से।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त पता, तिथि एवं समय पर वार्षिक आम सभा में भाग लेने का कष्ट करें।

चन्देश्वर सिंह
सचिव
कृते प्रबंधकारिणी समिति

## 1. शोक सन्देश एवं श्रद्धांजलिः-

हमारी समिति की ओर से सभी दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

आलोच्य अवधि हम सभी के लिए अत्यंत दुःख और अपूरणीय क्षति लेकर आई है। इस अवधि में हमने न केवल अपने समिति के उन माननीय सदस्यों को खोया है, जो डाक विभाग एवं बी.एस.एन.एल. में अपनी सेवाओं के दौरान सदैव समर्पित और अनुकरणीय रहे, बल्कि पूरे राष्ट्र ने कई प्रतिभाशाली हस्तियों और सैकड़ों मासूम जनों को भी विभिन्न दुर्घटनाओं में खो दिया है।

इस अवधि में देश ने जिन विकट दुर्घटनाओं का सामना किया, उनकी स्मृति हमें मनुष्य की नश्वरता और प्रकृति की अप्रत्याशित शक्ति की याद दिलाती है। इन घटनाओं ने पूरे देश को एक साझे दुःख में डुबो दिया।

सड़क और रेल दुर्घटनाओं में देश के कई नागरिकों की जान गई। उत्तराखंड में अचानक आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन ने कई गाँवों को तबाह कर दिया, जिसमें अनेक लोगों की जान चली गई और सैकड़ों फंस गए। यह प्रकृति की अकल्पनीय शक्ति और जलवायु अनुकूलन की आवश्यकता का एक कठोर सबक था। हाल ही में हुए अहमदाबाद की विमान दुर्घटना में बहुत सारे मासूम लोगों की जान गई।

इन राष्ट्रीय दुर्घटनाओं में जान गँवाने वाले सभी लोगों के प्रति, साथ ही हमारे अपने समिति के सहयोगियों और राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों—राजनीति, कला, साहित्य, खेल और विज्ञान—से जुड़ी विलक्षण प्रतिभाओं के प्रति, जिन्होंने इस अवधि में अंतिम साँस ली, हम उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

हम उन सभी दिवंगत आत्माओं को शत्–शत् नमन करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह सभी शोकाकुल परिवारों को इस गहन दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। उनकी स्मृति हमारे साथ सदैव रहेगी।

## 2. निदेशक मंडल की कार्य पद्धतिः-

वर्तमान निदेशक मंडल समिति के उत्तरोतर विकाश के लिये पूर्ण एकजूटता एवं सदभाव के साथ समिति का कार्य संचालन कर रही है। समिति में आनेवाले सभी माननीय सदस्यों के वांछित कार्यों को सम्पन्न करने हेतु निदेशक मंडल सदस्य सर्वथा प्रयत्नशील रहते हैं। गौरव की बात है कि अभी तक के कार्यकाल में निदेशक मंडल ने पूर्ण सक्रियता एवं क्षमता के अनुरूप समिति के चौमुखी विकास एवं आम सदस्यों के हित के लिये सभी फैसले सर्वसम्मति से लिये हैं। हर संभव प्रयास के परिणामस्वरूप समिति ने हर क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है। हम दावे के साथ कह सकते हैं कि यह समिति बिहार एवं झारखण्ड राज्य की सभी मानकों पर सशक्त एवं लोकतांत्रिक सोसाईटी बनकर उभर चुकी है। समिति के विकास में हमारे आदरणीय सदस्यों का आशातीत सहयोग, सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त होते रहा है। निदेशक मंडल समिति वैसे सभी माननीय सदस्यों, समिति के पूर्व पदधारकों एवं कर्मचारी संघों के नेताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती है।

वर्तमान समिति अपने निर्धारित कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करते हुये राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन

में भी अग्रसर रहती है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झण्डोत्तोलन के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ ली जाती है, जिसमें सैकड़ों सदस्य भागीदार होते हैं।

### 3. समिति के संस्थापन एवं विकाश में योगदान देने वाले विभूतियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापनः-

इस समिति के संस्थापन में जिन विभूतियों ने अपने भागदारी दी और सौ साल पहले इसे संस्थापित किया, आज की स्थिति में यह आश्चर्य जनक प्रतीत होता है क्योंकि एक अत्यंत लघु रूप में संस्थापित किया गया यह समिति एक विशाल वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है, जिसके शीतल छाया में बिहार एवं झारखंड राज्य में फैले हुये डाक विभाग एवं बी.एस.एन.एल. के बन्धु इसका सदस्य बनकर लाभ उठा रहे हैं। हम उन विभुतियों में सदा स्मरणीय पंडित जे०एन० कुंवर का नाम सर्वप्रथम लेना चाहते हैं, जिनके नेतृत्व में सर्वश्री ए०के० अलीउलाल्ह, बी०आई० राय, पी०एन०सिन्हा, पी०एन० विश्वास, खान बहादुर, एच०एम० अब्दुल गणी, पी० टंडन, एस०ए० हक, बी०पी० मुखर्जी, बी०एन० सिन्हा, महादेव प्रसाद, प्रभुनाथ प्रसाद, सैयद एहसान हुसैन, रघुनाथ प्रसाद, जयराज बहादुर, त्रिपति नाथ सहाय, जे०पी० अंबास्टा, एन०के० शरण, सरयुग प्रसाद, अलख प्रसाद, अच्यूतानन्द सिंह, राजनारायण सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह, जगदीश सिन्हा, रामचन्द्र प्रसाद सिंह, अमरेन्द्र नारायण सिंह, राम पदारथ सिंह आदि दिवंगत महान विभूतियों की याद में हम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं तथा उन्हें कोटिशः नमन करते हैं।

### 4. वैसे विभूति जो आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं:-

इस अवसर पर हम उन विभूतियों को विस्मृत नहीं कर सकते जिन्होंने तनमन से इस समिति के उन्नयन में अपना बहुमुल्य योगदान दिया है तथा आज भी अपना सुझाव एवं मार्गदर्शन देते रहते हैं। उनमें सर्वप्रथम सर्वश्री विन्देश्वरी प्रसाद शर्मा, रघुवीर सिंह यादव, उमाशंकर शर्मा, उमेश मिश्रा, रमेश प्रसाद एवं कई अन्य वरीय सदस्य शामिल हैं। हम सभी के प्रति साधुवाद एवं कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

### 5. शुभकामनाएँ:-

आलोच्य अवधि में डाक विभाग एवं बी.एस.एन.एल. से हमारे अनेकों माननीय सदस्यों की सेवा निवृति हुई है। हमारे समिति के कई कर्मचारी भी सेवानिवृत्त हुए हैं। विभागों से सेवानिवृत बहुतायत सदस्य आज भी इस समिति की सदस्यता जारी रखे हुये हैं। हम उन सभी सेवानिवृत सदस्यों के प्रति शुभ कामना प्रकट करते हुये उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं ताकि उनका सानिध्य समिति के साथ बना रहे।

### 6. समिति में सदस्य संख्या की स्थितिः-

वर्तमान में 31 मार्च 2025 को समिति के सदस्यों की कुल संख्या 11,171 (ग्यारह हजार एक सौ एकहत्तर) है। विगत 31 मार्च 2024 तक समिति की कुल सदस्यों की संख्या 11120 (ग्यारह हजार एक सौ बीस) थी। समिति के सुदृढ़ कार्यकलाप से प्रभावित होकर नये सदस्य लगातार सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं,

जिससे समिति की सदस्य संख्या में वृद्धि हुई है।

## 7. सदस्यता समाप्त कर शीघ्र ही पुनः सदस्यता प्राप्ति की प्रवृतिः-

(क) निदेशक मंडल के समक्ष वर्तमान परिपेक्ष्य में एक विषम समस्या का सामना करना पड़ रहा है कि माननीय सदस्यगण अपने इच्छानुसार सदस्यता वापसी के लिये आवेदन देते हैं। ऐसे सदस्य सदस्यता समाप्त कर अपने जमा राशि का भुगतान लेना चाहते हैं और सदस्यता वापस ले लेते हैं। यह स्थिति समिति हित में नहीं है। इस आम सभा के माध्यम से हम निवेदन करना चाहेंगे कि एक बार सदस्यता ग्रहण करने के उपरान्त समिति के हित में सदस्यता बनाये रखने की कृपा करें। कुछ ऐसे सदस्य जिनपर ऋण की राशि का बकाया रहता है, वे अपने शेयर हिस्सा तथा सी.जी.आर. का जमा राशि को समायोजित कर अपनी सदस्यता वापस लेने के लिये प्रयत्न करते हैं जबकि ऋण की राशि समाप्त होने पर ही सदस्यता वापसी का प्रावधान है। नियमानुकूल एक बार सदस्य बनने के पश्चात् सेवा निवृति के दो वर्ष पूर्व अथवा सदस्य के मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रित द्वारा सदस्यता वापसी करने का प्रावधान है।

(ख) निदेशक मंडल उपस्थित माननीय सदस्यों का ध्यान आकृष्ट करते हुए यह सूचित करना चाहता है कि वर्ष 2023–24 में कुल 823 सदस्यों ने सदस्यता वापसी का आवेदन किया, जिसके तहत सी.जी.आर. मद में कुल रकम 17,81,31,459.00 (सतरह करोड़ इक्कासी लाख एकतीस हजार चार सौ उनसठ) मात्र तथा शेयर की राशि 2,88,80,770.00 (दो करोड़ अठासी लाख अस्सी हजार सात सौ सत्तर) का भुगतान किया गया। इस प्रकार वर्ष 2024–25 में कुल 765 सदस्यों ने सदस्यता वापसी का आवेदन किया, जिसके तहत सी.जी.आर. मद में कुल रकम 19,22,80,525.00 (उन्नीस करोड़ बाईस लाख अस्सी हजार पाँच सौ पच्चीस ) मात्र तथा शेयर की राशि 3,40,14,210.00 (तीस करोड़ चालिस लाख चौदह हजार दो सौ दस) का भुगतान किया गया।

इस प्रकार सदस्यता वापसी के कारण सदस्यों को समिति ने वर्ष 2023–24 में कुल रकम 20,70,12,229.00 (बीस करोड़ सत्तर लाख बारह हजार दो सौ उन्नतीस) मात्र तथा वर्ष 2024–25 में कुल रकम 22,62,94,735.00 (बाईस करोड़ बासठ लाख चौरानबे हजार सात सौ पैतीस) रुपये का भुगतान किया।

उपस्थित सदस्यों से हम निवेदन करते हैं कि सदस्यता वापसी की प्रवृति को रोकने के मामले में निदेशक मंडल को सहयोग करने की कृपा करेंगे।

## 8. सदस्यों की हिस्सा पूँजीः-

वित्तिय वर्षान्त 31.03.2024 को सदस्यों की कुल हिस्सा पूंजी 43,74,32,774.00 (तैतालिस करोड़ चौहत्तर लाख बत्तीस हजार सात सौ चौहत्तर) रुपये थी अभी वर्षान्त 31.03.2025 को सदस्यों की कुल हिस्सा पूंजी 46,54,48,928.00 (छियालीस करोड़ चाउअन लाख आरतालीश हजार नौ सौ अठहाइस) मात्र है।

वर्ष 2019 के आम सभा द्वारा समिति को 50 (पचास) करोड़ हिस्सा पूंजी रखने का अनुमोदन प्राप्त हुआ था। आज की स्थिति में सदस्यों की कुल हिस्सा पूंजी आम सभा द्वारा अनुमोदित रकम से नीचे है। भारी मात्रा

में सदस्यता वापसी की प्रवृति के वावजूद वर्ष 2023–24 की तुलना में वर्ष 2024–25 में हिस्सा पूंजी में एक गुणात्मक बढ़ोत्तरी हुई है, जो समिति के प्रति सदस्यों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

## 9. सदस्यों के सी.जी.आर. मद में जमा राशि की वर्तमान स्थितिः-

गत आम–सभा जो 27–08–2023 को सम्पन्न हुई उसमें अनेक माननीय सदस्यों ने सी०जी०आर० की मासिक किस्त 2000/– से बढ़ाकर 5000/– करने की मांग की। चर्चा के उपरान्त इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ कि सभी सदस्य पाँच हजार मासिक जमा करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। अतः 5000/– रुपये जमा करने का प्रावधान को वैकल्पिक रूप में इच्छुक सदस्यों के लिये मान लिया गया। इस प्रकार सी.जी.आर. मद में 2000/– (दो हजार) रुपये प्रति सदस्य प्रतिमाह जमा करने का अनिवार्य रूप से प्रावधान है। साथ ही जो सदस्य चाहें वो अपना विकल्प देकर अधिकतम 5000/– रुपये तक प्रतिमाह जमा कर सकते हैं। वित्तिय वर्ष 31.03.2024 तक सी.जी.आर. मद में सदस्यों द्वारा जमा कराई गई कुल राशि 1,79,30,49,519/– (एक अरब उन्नासी करोड़ तीस लाख उन्चास हजार पाँच सौ उन्नीस रु०) है। 31.03.2025 में सी.जी.आर. की जमा कुल रकम 1,71,64,48,337/– (एक अरब एकहत्तर करोड़ चौसठ लाख अड़तालिस हजार तीन सौ सैतीस रु०) है। उपरोक्त आकलन से प्रतीत होता है कि इस समिति पर माननीय सदस्यों का अटूट विश्वास है जिससे समिति उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है।

## 10. सी.जी.आर. की जमा राशि पर सूद की दरः-

वर्ष 2018 के आम सभा में अनेकों माननीय सदस्यों द्वारा ऋण सूद की दर घटाने की माँग की गई थी। उसके पूर्व ऋण पर 12% वार्षिक की दर से सूद की कटौती की जाती थी। उक्त आम–सभा में गहन चर्चा के बाद इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ कि सामान्य ऋण एवं सी.जी.आर. ऋण पर 10% प्रतिशत वार्षिक की दर से सूद लिया जायेगा तथा सदस्यों के सी.जी.आर. जमा की राशि पर 8% वार्षिक ब्याज दी जायेगी।

## 11. सी.जी.आर. जमा राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज की व्यवस्थाः-

ज्ञातव्य है कि पूर्व के आम सभा में लिये गये फैसले के अनुरूप माननीय सदस्यों द्वारा सी.जी.आर. मद में जमा राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज देने की व्यवस्था है। इस व्यवस्था के तहत वित्तिय वर्षान्त में सदस्यों के कुल राशि पर प्राप्त ब्याज को मूलधन में जोड़ दिया जाता है तथा अगले वित्तिय वर्ष में सदस्य के मूलधन एवं सूद के योग पर ब्याज दी जाती है।

## 12. सामान्य ऋण एवं सी.जी.आर. ऋण पर साधारण ब्याज की व्यवस्थाः-

किसी भी माननीय सदस्य को सामान्य ऋण तथा सी.जी.आर. ऋण लेने पर ब्याज की गणना साधारण दर से की जाती है। प्रत्येक माह मूलधन से काटी गई रकम का ब्याज अगले माह नहीं लिया जाता है। माननीय

सदस्य अगर ऋण वसूली के लिये नियत समय के अन्तर्गत ऋण की राशि का अंश भाग अथवा पूर्ण भाग जमा करते हैं, तो आगे के लिए उस पर सूद की गणना नहीं की जाती है। इस प्रकार ऐसा देखा गया है कि समिति द्वारा लिया गया ऋण अन्य किसी संस्था से ली गई ऋण की व्यवस्था से सुगम एवं कम भार युक्त है।

## 13. सदस्यों की सी.जी.आर. जमा राशि से फाइनल निकासी की सुविधा:-

पूर्व में सी.जी.आर. की जमा राशि से कुल जमा राशि की 50% (पचास प्रतिशत) तक केवल ऋण के रूप में सदस्यों को दिये जाने का प्रावधान था। परन्तु वर्तमान निदेशक मंडल ने आम सभा की स्वीकृति के आलोक में सदस्यों के हित में सी.जी.आर. की कुल जमा राशि से फाइनल निकासी की सुविधा प्रदान की है। जिसे पूर्व में आम सभा में अनुमोदित किया है। प्रावधान के तहत जिस सदस्य को फाइनल निकासी लेनी होती है। उनके विरूद्ध कोई ऋण का बकाया नहीं होनी चाहिए। इस व्यवस्था में सदस्य अपने कुल जमा राशि से एक लाख रुपया छोड़कर शेष राशि की निकासी कर सकते हैं। इस प्रावधान के तहत वर्षान्त 31.03.2024 तक 3,17,29,591.00 (रु० तीन करोड़ सतरह लाख उन्तीस हजार पाँच सौ इकान्वे मात्र) भुगतान की गई है तथा वर्षान्त 31.03.2025 तक 3,83,27,202.00 (रु० तीन करोड़ तीरासी लाख सत्ताईस हजार दो सौ दो मात्र) का भुगतान किया गया है। तुलनात्मक रूप से देखने पर वित्तिय वर्षान्त 2023 –2024 की अपेक्षा 65,97,611 (रु० पैसठ लाख सनतान्यबे हजार छः सौ ग्यारह मात्र) की बढ़ोत्तरी हुई है। यह समिति की मजबूत आर्थिक स्वरूप को दर्शाता है।

## 14. सी.जी.आर. से लिये गये ऋण की वापसी 36 माह में:-

पूर्व में सी.जी.आर. से लिये गये ऋण की वापसी 18 किस्तों में अर्थात 18 माह में कटौती करने का प्रावधान था। सदस्यों की सुविधा हेतु एवं आर्थिक बोझ से बचाने के लिए निदेशक मंडल ने आम सभा की स्वीकृति पर सी.जी.आर. ऋण वापसी की अधिकतम सीमा 36 माह कर दी है, अर्थात 18 माह के बजाय 36 माह में ऋण वापसी की सुविधा दी गई है।

## 15. सदस्यता वापसी के उपरान्त सी.जी.आर. की जमा राशि पर मिलने वाली सुद की व्यवस्था में परिवर्तन:-

गत आम सभा दिनांक 27.08.2023 के पूर्व माननीय सदस्यों द्वारा सदस्यता वापसी के समय सी.जी. आर. मद में जमा राशि पर सूद देने की चली आ रही पूर्व की व्यवस्था में परिवर्तन की माँग उठाई गई थी, जिसे निदेशक मंडल ने गंभीरता से विचार–विमर्श करने के पश्चात् यह निर्णय लिया कि अब से समिति में सदस्यता वापसी के लिए सदस्य जिस महीने में आवेदन करेंगे उसके पिछले माह तक की सूद की गणना करते हुये उन्हें भुगतान किया जायेगा। पूर्व में सदस्यता समाप्ति के समय त्रैमासिक सूद की गणना की व्यवस्था थी जिसमें प्रायः कई सदस्यों का एक या दो माह का जमा राशि सूद की क्षति होती थी।

## 16. समिति में ऋण वितरण के मापदंड में गुणात्मक बढ़ोत्तरीः-

वर्तमान परिपेक्ष में सदस्यों की बढ़ती हुई आर्थिक गतिविधियों, उनके बच्चों की पठन पाठन एवं शादी विवाह तथा गृह निर्माण आदि को देखते हुये समिति ने अधिक से अधिक मजबूती देने एवं सहयोग की दृष्टि से निदेशक मंडल ने ऋण की सीमा में अपेक्षित बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया जो वर्तमान समय में जारी है।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2009–10 में जहाँ अधिकतम ऋण राशि 5,00,000/– (पाँच लाख) रुपये मात्र देने की व्यवस्था थी, उसके बाद बढ़ते मांग की वजह से ऋण राशी 10,00,000/– (दस लाख) रुपये की गई। वहीं वर्तमान में अधिकतम ऋण राशि 12,00,000/– (बारह लाख) रुपये तक देने की व्यवस्था की गई है। पूर्व में ऋण लेने में और उसके भुगतान होने तक एक सप्ताह से पन्द्रह दिनों का समय लगता था, जिसे सुगम बनाते हुये अब ऋण की भुगतान त्वरित गति से की जाती है।

## 17. ऋण वापसी की समय अवधि में वृद्धि-

एक तरफ जहाँ ऋण की राशि में गुणात्मक बढ़ोत्तरी की गई है, वहीं सदस्यों पर ऋण की अदायगी के चलते आर्थिक बोझ ज्यादा नहीं हो, इसे ध्यान में रखकर निदेशक मंडल ने आम सभा की स्वीकृति के साथ ऋण अदायगी की समय अवधि बढ़ाकर 80 (अस्सी) माह कर दी है। ज्ञातव्य है कि इस निदेशक मंडल के आने के शुरूआती दिनों में यह सीमा 60 माह थी, जिसे वर्तमान निदेशक मंडल ने 72 माह किया और ऋण सीमा में बढ़ोत्तरी के बाद वापसी के अधिकतम सीमा 80 (अस्सी) माह कर दी है। वैसे सदस्यों के हित में यह व्यवस्था भी लागू है कि वो ऋण प्राप्ति के बाद जब चाहें अपनी ऋण की वापसी आशिक या एक मुश्त जमा कर सकते हैं।

## 18. ऋण भुगतान की सुगम, शीघ्र एवं पारदर्शी प्रक्रियाः-

सदस्यों के हित में ऋण देने की प्रक्रिया को अत्यन्त सुगम एवं पारदर्शी बनाया गया है। जो भी ऋण आवेदन समिति में जिस दिन प्राप्त होते हैं और नियमानुकूल होते हैं, उन्हें उसी दिन स्वीकृत कर दिया जाता है और दूसरे दिन संबंधित सदस्य के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा भेज दिया जाता है। बैंक के बंद रहने की स्थिति में कभी विलंब हो सकता है। लगभग शत–प्रतिशत ऋण अथवा किसी भी प्रकार का भुगतान इस प्रक्रिया द्वारा ही की जाती है। ऋण नगद भुगतान पूर्णतः बन्द कर दिया गया है। अभी भी कुछ सदस्य ऋण आवेदन के साथ अपना बैंक एकाउन्ट का विवरण नहीं देते हैं, केवल वैसा ही भुगतान चेक द्वारा किया जाता है। इस आम सभा के माध्यम से हम सभी माननीय सदस्यों से निवेदन करते हैं कि कृपया इस दिशा में सहयोग करें ताकि शत–प्रतिशत भुगतान ऑनलाईन सुनिश्चित किया जा सके।

## 19. आलोच्य अवधि में सामान्य ऋण की भुगतानः-

इस आलोच्य अवधि अर्थात वित्तिय वर्ष 2024–25 में माननीय सदस्यों के मांग पर निदेशक मंडल के अनुमोदन के द्वारा रु0 1,56,63,15,473 (एक अरब छप्पन करोड़ तिरसठ लाख पंद्रह हजार चार सौ तिहत्तर

रुपये मात्र) ऋण का भुगतान किया गया। जबकि पिछले वित्तिय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत कुल ऋण की भुगतान रु0 1,47,16,36,015.00 (एक अरब सैतालिस करोड़ सोलह लाख छतीस हजार पन्द्रह रुपये मात्र) किया गया था। इस आंकड़े से प्रतीत होता है कि ऋण भुगतान में गुणात्मक बढ़ोत्तरी हुई है जो समिति के आर्थिक सुढ़ता का द्योतक है।

## 20. आलोच्य अवधि में सी.जी.आर. ऋण का वितरणः-

माननीय सदस्यों के मांग पर समिति ने वर्षान्त 2024–25 में सी.जी.आर. मद से ऋण के रूप में सदस्यों को 12,47,31,976.00 (बारह करोड़ सैतालिश लाख एकतीश हजार नौ सौ छिहत्तर) मात्र भुगतान किया गया। जबकि वित्तिय वर्ष 2023–24 में सी.जी.आर. मद से ऋण के रूप में सदस्यों को 8,96,61,783.00 (आठ करोड़ छियान्बे लाख एकसठ हजार सात सौ तिरासी मात्र) का सी.जी.आर. ऋण के तहत भुगतान किया गया था। इस प्रकार यह देखा जा रहा है कि समिति आर्थिक रूप से मजबूत है तथा सदस्यों के मांग पर पिछले वर्ष से आलोच्य अवधि में ऋण का भुगतान अधिक हुआ है।

## 21. ऋण वसूली सकारात्मक एवं संतोषजनकः-

निदेशक मंडल की सुझ–बुझ एवं समिति में कार्यरत कर्मचारियों के शतत् प्रयास से ऋण की वसुली संतोषजनक रही है। ऋण की वसूली में डाक विभाग एवं बी.एस.एन.एल. के पदाधिकारियों एवं श्रमिक संघों के नेताओं का भी काफी सहयोग रहा है। वर्षवार ऋण की मूलधन एवं सूद की वसूली का तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार से है :–

| वर्ष | | मूलधन | सुद |
|---|---|---|---|
| 2021–22 | — | " 1001675041.00 | " 260918331.00 |
| 2022–23 | — | " 1126802026.00 | " 295595362.00 |
| 2023–24 | — | " 1182965636.00 | " 294532097.00 |
| 2024–25 | — | " 1349991507.00 | " 314062956.00 |

## 22. समिति में जमा योजनाः-

जिस समय समिति में जमा योजना लागु हुई थी उस समय सहकारी समितियाँ इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आती थी। वर्तमान में सहकारी समितियाँ भी इनकम टैक्स के दायरे में आ गई है। जिससे इन जमा योजनाओं को जारी रखने में समिति के सामने काफी दिक्कत आ रही है।

## 23. समिति में जमा योजनाओं की कुल रकमः-

वित्तिय वर्ष 2023–24 के अंत तक सभी जमा योजनाओं में मिलाकर कुल रु 15,05,51,312 (पन्द्रह

करोड़ पाँच लाख इक्कावन हजार तीन सौ बारह रु० मात्र) जमा है। जबकि वित्तिय वर्ष 2024–25 के अंत तक सभी जमा योजनाओं में मिलाकर कुल रु० 17,60,40,699 (सत्रह करोड़ साठ लाख चालिश हजार छः सौ निनान्यबे रु० मात्र) जमा था।

## 24. समिति में जमा योजनाओं पर सूद की दरः-

(क) **बचत खाता**:– इस योजना के अन्तर्गत जमा राशि पर 6 (छः) प्रतिशत वार्षिक ब्याज दी जाती है।

(ख) **एक वर्षीय सावधि जमा**:– एक वर्षीय सावधि जमा में मात्र रु० 1,00,000.00 (एक लाख रुपये) सिर्फ एक वर्ष के लिए जमा करने की व्यवस्था है और एक वर्षीय सावधि जमा पर 8 (आठ) प्रतिशत का वार्षिक ब्याज दी जाती है।

(ग) **आवर्ती जमा**:– समिति में आवर्ती जमा योजना तीन वर्षों तक के लिये की जा सकती है। इस योजना के अन्तर्गत 8 (आठ) प्रतिशत वार्षिक ब्याज की व्यवस्था है।

## 25. समिति की आधारभूत संरचनाः-

यह गौरव की बात है कि समिति का अपना स्वयं निर्मित भवन है। शुद्ध जल के लिये अपनी व्यवस्था के तहत उच्च तकनीक का नलकुप एवं जल शुद्धिकरण यंत्र लगाई गई है। आज की स्थिति में समिति भवन, समिति के क्रिया कलापों के लिये सुदृढ़ रूप से व्यवस्थित है, जिससे कार्य संचालन में काफी मदद मिल रही है। जैसा कि हम सभी लोगों को जानकारी है की समिति में आर्थिक गतिविधियां होती है जिससे हमेशा ही सुरक्षा की आवश्यकता महसूस की जाती रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए समिति को सी सी टी वी की सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

## 26. समिति के कर्मचारियों के वेतन-भत्ते पर व्ययः-

वर्तमान में समिति में कुल 24 नियमित कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। दो कर्मचारी अनुकंपा के आधार पर रखे गये हैं, जिन्हें निर्धारित पारिश्रमिक दी जाती है। सेवानिवृति के कारण कर्मचारियों के कमी एवं कार्य संचालन बाधित नहीं हो, इस दृष्टिकोण से निदेशक मंडल ने 2017 की आम–सभा में इस आशय का प्रस्ताव रखा था, जिसके तहत आम सभा में सर्वसम्मति से यह अनुमोदित किया था कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी अगर स्वस्थ एवं सक्षम हो और आगे भी कार्य करने की इच्छा रखते हो तो वैसे कर्मचारियों को 65 वर्ष की आयु तक समिति द्वारा नियत दर पर पारिश्रमिक देकर कार्य करने की अनुमति दी जा सकती है। इसी व्यवस्था के तहत समिति का कार्य संचालन हो रहा है। इस व्यवस्था के तहत आठ सेवानिवृत कर्मचारी समिति में कार्यरत हैं। इनके अतिरिक्त तीन अल्पकालिक सफाई कर्मचारी हैं, जिसमें एक मुख्यालय पटना, एक मुजफ्फरपुर शाखा एवं एक राँची शाखा कार्यालय में कार्यरत है।

सेवानिवृत कर्मचारियों से कार्य लेने की व्यवस्था के कारण अनुभवी, निष्ठावान एवं योग्य कर्मचारियो का लाभ समिति को मिल रहा है, वहीं समिति को आर्थिक बचत भी हो रही है।

कर्मचारियों के वेतन भत्ते पर वर्षवार कुल खर्च निम्न प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| वर्ष 2022–23 | – | 1,67,54,050.00 |
| वर्ष 2023–24 | – | 1,57,90,182.60 |
| वर्ष 2024–25 | – | 1,68,99,943.00 |

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि समिति का कार्यकलाप अत्यन्त संतोषजनक है। समिति के सदस्यों में गुणात्मक बढ़ोत्तरी हुई है तथा कार्यभार भी पहले से बहुत अधिक बढ़ चुकी है।

## 27. कर्मचारियों के लिये कल्याण कोषः-

निदेशक मंडल ने वर्ष 2019 के आम सभा के अनुमोदन प्राप्त करने के बाद समिति कार्यरत कर्मचारियों के लिए कल्याण कोष का गठन किया है। समिति के मुनाफे का 4 प्रतिशत रकम कर्मचारी कल्याण कोष में स्थानान्तरित किया जाता है। 31 मार्च 2025 को इस कोष में 1,28,96,399.76 (एक करोड़ अठाइस लाख छियान्वे हजार तीन सौ निनान्वे रुपये तथा छिहतर पैसे) मात्र जमा है। ज्ञातव्य है इस कोष से कर्मचारी एवं उनके आश्रित को अस्पताल में भर्ती होकर चिकित्सा के लिये सहयोग की जाती है। वर्ष 2023–24 में 2,00,000/– (दो लाख रुपया) तथा वर्ष 2024–25 में 1,07,000/– (एक लाख सात हजार रु०) का भुगतान कर्मचारियों के सहयोग के लिये किया गया है।

## 28. समिति लेखा का अद्यतन अंकेक्षणः-

वर्तमान निदेशक मंडल ने प्रत्येक वित्तिय वर्ष के समाप्ति के पश्चात सरकार द्वारा अनुमोदित चार्टर्ड अकाउंटेन्ट से समिति की लेखा का वर्षवार अंकेक्षण सुनिश्चित की है। समिति का वित्तिय वर्ष 2024–25 का अंकेक्षित रिपोर्ट इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है। आशा है आम–सभा में उपस्थित सदस्यगण इसपर विहंगम दृष्टि रखते हुए इसे अनुमोदित करेंगे।

## 29. समिति के कार्य निष्पादन के लिये कम्प्यूटरीकरणः-

वर्ष 2019 के आम सभा में पारित प्रस्ताव तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन के पश्चात समिति ने कम्प्यूटरीकरण का कार्य शुरू कराया। वर्तमान में समिति के सी.जी.आर. एवं शेयर का संपूर्ण डाटा ऑनलाईन उपलब्ध है। जिन सदस्यों ने अपने मोबाईल नम्बर का रजिस्ट्रेशन समिति में करा दी है वे कभी भी अपने सी. जी.आर. एवं शेयर पूंजी का अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सिस्टम में लगे यंत्र से यह अवलोकित हुआ है कि प्रतिमाह लगभग पैतीस सौ से अधिक सदस्य ऑनलाईन सूचनाएँ प्राप्त कर रहे हैं। बहुत जल्द ही अन्य

सूचनाएँ भी ऑनलाईन हो जायेगी। समिति का अपना वेव साईट भी शुरू किया गया है जो www.bptcspatna.com के एड्रेस पर प्राप्त है।

## 30. समिति की शाखाएँ:-

मुख्यालय पटना के अतिरिक्त समिति की दो शाखाएँ हैं। झारखण्ड राज्य में राँची तथा उत्तरी बिहार में मुजफ्फरपुर में शाखाएँ सुचारू रूप से चल रही है। पटना स्थित मुख्यालय का अपना भवन है, परन्तु राँची एवं मुजफ्फरपुर में समिति की शाखाएँ बी.एस.एन.एल. परिसर में चल रही है।

## 31. समिति की आर्थिक सुदृढ़ता एवं वित्तीय स्वावलंबन:-

हम यह घोषणा करते हुए अत्यंत गौरवान्वित हैं कि हमारी समिति पूर्णतः आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ है। समिति पर किसी भी बैंक अथवा बाह्य स्रोत का कोई भी ऋणाधार नहीं है, जो हमारी रणनीतिक वित्तीय योजना और संचालन की दूरदर्शिता को दर्शाता है।

(i) **निदेशक मंडल का विवेकपूर्ण नेतृत्व:** समिति की इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय निदेशक मंडल के विवेकपूर्ण निर्णयों, सुझ–बुझ और सतत् प्रयासों को जाता है। उनकी अगुआई में समिति ने न केवल वित्तीय स्थिरता अर्जित की है, बल्कि निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

(ii) वार्षिक लेखा परीक्षण एवं वृद्धिरू प्रतिवर्ष प्राप्त होनेवाले स्वतंत्र लेखा परीक्षण (ऑडिट) के प्रतिवेदन इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि समिति लगातार लाभ के साथ संचालित हो रही है और उसकी वित्तीय स्वास्थ्य उत्तरोत्तर सशक्त होती जा रही है।

(iii) **सदस्य–केंद्रित सेवाओं का त्वरित निष्पादन:** हमारी आर्थिक मजबूती का सबसे बड़ा प्रमाण हमारे सदस्यों को मिलने वाली त्वरित सेवाएँ हैं।

- **तत्काल ऋण सेवा:** कोई भी सदस्य सामान्य ऋण अथवा CGR ऋण हेतु आवेदन करता है, तो आवेदन प्राप्ति के अगले ही कार्यदिवस पर माँगी गई राशि उसके बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाती है।

- **बचत जमा की शीघ्र वापसी:** इसी प्रकार, बचत योजनाओं में जमा राशि की वापसी के सभी आवेदनों का निपटान अत्यंत तीव्र गति से किया जाता है, जिससे सदस्यों को किसी प्रकार की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती।

(iv) **पारदर्शिता के साथ सदस्यता वापसी:** निदेशक मंडल ने पूर्ववर्ती आम सभाओं में इस बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की थी कि सदस्य अपनी सदस्यता वापस ले रहे हैं। हम पुनः स्पष्ट करना चाहते हैं कि समिति की नीति पूर्णतः पारदर्शी एवं सदस्य–हितैषी है। कोई भी सदस्य यदि सदस्यता वापसी का निर्णय लेता है, तो उसकी संपूर्ण जमा राशि (CGR और शेयर की राशि सहित) बिना किसी विलंब के

उसके नामांकित बैंक खाते में वापस कर दी जाती है।

उपर्युक्त तथ्य एवं आँकड़े हमारी समिति की अटल आर्थिक सुदृढ़ता, वित्तीय अनुशासन और सदस्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के स्पष्ट प्रमाण हैं। समिति न केवल वर्तमान में मजबूत स्थिति में है, बल्कि भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है।

## 32. सदस्यों के लिए लाभांश वितरणः-

वित्तीय वर्ष 2022–23 तक का लाभांश वितरण माननीय सदस्यों के बीच 5 फरवरी 2024 से मुख्यालय पटना तथा शाखा कार्यालय रांची, मुजफ्फरपुर में जारी है। वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 का लाभांश की गणना करना जारी है।

## 33. समिति को बहुराज्यीय समिति का दर्जाः-

ज्ञातव्य है कि इस समिति का कार्यक्षेत्र बिहार एवं झारखंड राज्य के डाक विभाग एवं बी.एस.एन. एल. कर्मचारियों के लिये है। चुंकि ये समिति एक से अधिक राज्यों में काम करती है। इसलिए राज्य सरकार ने इसे डिम्ड मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी घोषित करते हुये केन्द्रीय रजिस्टार सहयोग समितियाँ से संपर्क करने का निर्देश दिया। तदनुरूप निदेशक मंडल ने वांछित सारे रिकॉर्ड एवं वांछित सूचनाएँ केन्द्रीय रजिस्टार सहयोग समितियाँ, नई दिल्ली को भेज दिया। फलस्वरूप यह समिति अब भारत सरकार के सहकार मंत्रालय, सहकारिता विभाग के रजिस्टार सहयोग समितियाँ, नई दिल्ली द्वारा पूर्णरूप से मल्टी स्टेट कोपरेटिव सोसाईटी एक्ट 2002 (39 of 2002) तथा उसके लिये बनाये गये अधिनियमों के तहत दी बिहार पोस्ट्स एण्ड टेलीग्राफ्स को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि०, जी.पी.ओ. कम्पाउंड पटना–800001 को मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी के रूप में निबंधित कर दिया गया है, जिसका निबंधन संख्या– MSCS/CR/1496/2024 है।

## 34. समिति में कार्यबल की स्थितिः-

हम पूर्व में बता चुके हैं कि समिति के नियमित कर्मचारियों की अत्यन्त कमी हो गई है। सेवा निवृत कर्मचारी को 65 वर्ष की आयु तक कार्य कराने का अनुमोदन 2017 के आम–सभा ने किया था। 65 वर्ष की आयु के पश्चात् वे कर्मचारी भी शैनः शैनः सेवा मुक्त होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में उपस्थित समुदाय से निवेदन करते हैं कि समिति के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने के लिये नये कार्यबल का नितांत आवश्यकता है। अतः निदेशक मंडल को नये कर्मचारियों को भर्ती करने की आवश्यकता है। इस आशय का आम सभा से अनुमोदन चाहते हैं। वर्तमान में समिति में अनुकंपा आधारित दो महिलाएं पिछले दो वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हैं। नियमानुकूल उनकी सेवा की नियमितीकरण होनी चाहिए। निदेशक मंडल आज की आम सभा में इनकी नियुक्ति नियमित करने का अनुमोदन चाहती है।

## 35. वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिये समिति का वार्षिक बजटः-

किसी भी संस्थान को चलाने के लिये और वित्तिय गतिविधि पर नियंत्रण रखने के लिए बजट का प्रावधान किया जाता है। निदेशक मंडल ने वर्ष 2024–25 के लिए वित्तिय बजट का प्रावधान किया है। कृपया पृष्ठ संख्या–21 पर इसका अवलोकन किया जाय।

## 36. माननीय सदस्यों द्वारा लिए गए ऋण की सुरक्षा पर विचार एवं अनुमोदनः-

समिति ने यह महसूस किया है कि कतिपय माननीय सदस्य सामान्य अथवा सी जी आर ऋण लेते हैं और उसके उपरांत उनकी मृत्यु हो जाती है या वह किसी विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के अंतर्गत बर्खास्त कर दिए जाते हैं। वैसे स्थिति में ऋण धारक के चार जमानतदार अपनी सदस्यता समाप्त करना चाहते हैं, तो समिति की उप विधियों में दिए गए प्रावधान के कारण उनकी सदस्यता समापन तभी की जा सकती है जब वह मृत अथवा बर्खास्त सदस्य के जिम्मे बचे हुए ऋण का चौथाई रकम जमा कर दें। ऐसे कई मामले लंबित हैं और जमानतदार सदस्य लगातार दबाव बनाते हैं। इस स्थिति में अगर ऋण देते वक्त समिति को प्रति एक लाख रुपये ऋण पर ₹100 (एक सौ) ऋण सुरक्षा हेतु रकम माननीय सदस्य देने को राजी होते हैं, तो उन्हें उस रकम की पक्की रसीद दी जाएगी और किसी प्रकार की अनहोनी होने पर इस व्यवस्था द्वारा संचित रकम से उनके बकाया ऋण को मुक्त कर दिया जाएगा। इस तरह जमानतदारों पर किसी प्रकार का बोझ नहीं रहेगा। अगर आज की सभा में उपस्थित माननीय सदस्यगण इस विषय पर गंभीरता से चिंतन के बाद इसे अनुमोदित करते हैं तो यह आम सदस्यों के हित में होगी।

## 38. वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के दीर्घकालीन महत्व की योजनाएं एवं वार्षिक परिचालन योजनाओं का अनुमोदन पर विचारः-

यह समिति एक साख समिति है, जो डाक विभाग एवं बीएसएनएल के बिहार राज्य एवं झारखंड राज्य के कर्मचारी इसके सदस्य बनते हैं और सामान्य ऋण लेने का लाभ प्राप्त करते हैं। दो वर्ष अग्रिम महत्वपूर्ण योजनाओं का स्वरूप देना यहां संभव प्रतीत नहीं होता है फिर भी समिति ने आगे के लिए निम्नलिखित योजनाओं पर कार्य करने का विचार किया है

(i) समिति में कंप्यूटरीकरण शुरू हो गई है। इसे अगले वर्षों में पूर्ण रूप से कंप्यूटरकृत करने की योजना है।

(ii) डाक विभाग एवं बीएसएनल में लगातार सेवानिवृत्ति के कारण सदस्यों की संख्या घटते रहती है। निदेशक बोर्ड ने यह तय किया है की अग्रिम वर्षों में गहन सदस्यता अभियान चलाकर समिति को मजबूती देने की योजना है।

## 39. उपसंहारः- समिति की गौरवशाली यात्रा

**माननीय सदस्यगण, सम्मानित अतिथिगण और हमारे सहयोगियों,**

आज के इस ऐतिहासिक अवसर पर, मुझे अत्यंत हर्ष और गर्व के साथ यह घोषणा करते हुए प्रस हो रही है कि हमारी सहकारी समिति ने राष्ट्रीय स्तर पर एक अद्वितीय उपलब्धि प्राप्त की है। भारत सर द्वारा प्रदत्त 'राष्ट्रीय सहकारी उत्कृष्टता पुरस्कार' हमारे सामूहिक प्रयासों, ईमानदारी और निरंतर समर्पण एक ज्वलंत प्रमाण है।

इससे भी अधिक हर्ष का विषय यह है कि हमारी संस्था ने एक शताब्दी का गौरवशाली सफर पूरा व लिया है। यह सौ वर्ष की यात्रा केवल समय का आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि यह सहकारिता, सामूहिक विश्वा और अटूट एकजुटता की एक जीवंत गाथा है। इस दीर्घकालिक यात्रा में हमने अनेक उतार–चढ़ाव, चुनौतिय और झंझावातों का सामना किया है, किंतु हमारा संकल्प और सामूहिक शक्ति हमेशा अडिग रही है।

यह उपलब्धि हमारे सभी माननीय सदस्यों, कर्मचारी संगठनों, डाक विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) के प्रशासनिक अधिकारियों के अमूल्य सहयोग, मार्गदर्शन और शुभकामनाओं के बिना संभव नहीं थी। आप सभी का अविस्मरणीय योगदान हमारी सफलता की नींव है।

हमारी समिति की सबसे प्रशंसनीय विशेषता यह है कि यह पूर्णतः लोकतांत्रिक, पारदर्शी और आर्थिक रूप से स्वावलंबी है। हमारा निरंतर विकास और लाभार्जन इस बात का प्रमाण है कि वर्तमान निदेशक मंडल ने एकजुट होकर, सर्वसम्मति से निर्णय लेकर संस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का सतत् प्रयास किया है।

हमारे माननीय सदस्यों ने सहयोग, सक्रियता और दूरदर्शी विचारधारा के साथ इस संस्था के विकास में एक मार्गदर्शक प्रकाशस्तंभ की भूमिका निभाई है। इन सभी के प्रति हम हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

आइए, हम सभी संकल्प लें कि हम इस समिति की विरासत को और भी अधिक गतिशील, innovating और फलदायी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। हमारा उद्देश्य है कि हम इसे निरंतर पल्लवित और पुष्पित करते रहें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसके लाभों से लाभान्वित होती रहें।

हम सभी के सुझाव, सहयोग और मार्गदर्शन की इस यात्रा में नितांत आवश्यकता रहेगी। आप सभी के प्रति हार्दिक आभार, अभिनंदन और शुभकामनाओं के साथ।

**जय हिन्द! - जय सहकारिता!**

दिनांक 21 सितम्बर, 2025

**चन्देश्वर सिंह**
**सचिव**
कृते प्रबंधकारिणी समिति

**स्थान** :- गेट पब्लिक लाईब्रेरी एण्ड इंस्टीच्यूट गर्दनीबाग रोड नं०-15, पटना-800 002

# THE BIHAR POSTS & TELEGRAPHS CO-OPERATIVE SOCIETY LTD. PATNA

## Budget for the Financial Year 2025-2026

| Sl. No. | Head of Account for the year 2024-25 | Budget approved for the year 2024-25 | Expenditure incurred in the year 2024-25 | Balance | Expen. Propose Budget to the Year 2025-2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | E.P.F.Society Contribution | 4000000.00 | 2253020.00 | 1746980.00 | 4000000.00 |
| 3 | Ex. Gratia | 1000000.00 | 519833.00 | 480167.00 | 1000000.00 |
| 4 | Contingency | 7000000.00 | 5039862.00 | 1960138.00 | 7000000.00 |
| 5 | Printing | 700000.00 | 642166.00 | 57834.00 | 1000000.00 |
| 6 | Stationary | 500000.00 | 218208.00 | 281792.00 | 500000.00 |
| 7 | Entertainment | 600000.00 | 498736.00 | 101264.00 | 1000000.00 |
| 8 | Postage | 300000.00 | 104000.00 | 196000.00 | 300000.00 |
| 9 | Electric Bill | 300000.00 | 179937.00 | 120063.00 | 400000.00 |
| 10 | Sitting Allowance | 600000.00 | 455100.00 | 144900.00 | 600000.00 |
| 11 | Fidelity loss cases | 600000.00 | | 600000.00 | 600000.00 |
| 12 | Furniture Maintenance | 400000.00 | | 400000.00 | 400000.00 |
| 13 | Bank Commission | 700000.00 | 309.00 | 699691.00 | 500000.00 |
| 14 | Liveries to Peon | 180000.00 | 30000.00 | 150000.00 | 180000.00 |
| 15 | Building Repair | 1000000.00 | | 1000000.00 | 1000000.00 |
| 16 | Delegation Fee | 150000.00 | | 150000.00 | 150000.00 |
| 17 | T.A. to Honorary Board | 200000.00 | | 200000.00 | 200000.00 |
| 18 | T.A.to Staff | 150000.00 | 11120.00 | 138880.00 | 150000.00 |
| 19 | Legal Expense | 600000.00 | 389800.00 | 210200.00 | 600000.00 |
| 20 | Federation Levy | 500000.00 | | 500000.00 | 500000.00 |
| 21 | Audit Fee | 200000.00 | 50000.00 | 150000.00 | 200000.00 |
| 22 | Advertisment | 600000.00 | 120000.00 | 480000.00 | 1000000.00 |
| 23 | Inssurance Premia | 150000.00 | 45917.00 | 104083.00 | 200000.00 |
| 24 | Electrification | 250000.00 | | 250000.00 | 250000.00 |
| 25 | Expansion & Development | 1000000.00 | 433669.00 | 566331.00 | 1500000.00 |
| 26 | Vehicles Maintenance | 300000.00 | 279754.00 | 20246.00 | 500000.00 |
| 27 | Telephone Bill | 100000.00 | | 100000.00 | 200000.00 |
| 28 | Annual General Meeting | 3500000.00 | 3003350.00 | 496650.00 | 4500000.00 |
| 29 | Spl. General Meeting | 4500000.00 | | 4500000.00 | 5000000.00 |
| 30 | Income Tax & VAT | 6000000.00 | | 6000000.00 | 1000000.00 |
| (b) | Honorarium /O.T.A | 400000.00 | 223685.00 | 176315.00 | 350000.00 |
| 1(a) | Pay and Allowance/Wages | 30000000.00 | 16899943.00 | 13100057.00 | 30000000.00 |
| | | **66480000.00** | **31398409.00** | **35081591.00** | **64780000.00** |

Accountant Manager Treasurer Secretary

**BIHAR POSTS & TELEGRAPHS CO-OPERATIBE SOCIETY LTD.: PATNA**

**Balance Sheet as at 31.3.2025**

Figure in Rs

| LIABILITIES | Amount | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **Capital Account** | | | |
| Paidup Capital | 24,58,669.00 | | 24,58,669.00 |
| Share Value | 46,29,90,259.00 | 46,54,48,928.00 | 43,74,32,774.00 |
| **Current Liabilities :** | | | |
| Federation Levy | | 62,50,413.00 | 62,50,413.00 |
| **Deposits** | | | |
| C.G.R. Deposit | 1,71,64,48,337.54 | | 1,79,30,49,519.00 |
| Fixed Deposit | 9,77,91,415.00 | | 11,86,35,245.98 |
| MIS | 17,30,000.00 | | 46,13,290.00 |
| Suspense | - | | 9,59,13,969.69 |
| R.D. Scheme | 2,61,68,999.11 | | 1,78,23,132.11 |
| Staff Welfare | - | | 1,03,250.00 |
| S.B. Scheme | 5,03,50,284.00 | 1,89,24,89,035.65 | 5,03,65,315.00 |
| C/D | | | |
| | | 2,36,41,88,376.65 | 2,52,66,45,577.78 |

| ASSETS : | Amount | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **Fixed Assets :** | | | |
| Building | 62,45,754.79 | | 62,45,754.79 |
| Dead Stock | 21,01,816.98 | 83,47,571.77 | 20,30,279.98 |
| **Investments :** | | | |
| Security Deposit with B.E.S.C. | 25.00 | | 25.00 |
| Security Deposit with P.D.P. | 3,000.00 | | 3,000.00 |
| Share in Bihar Sate Co.Op Bank | 6,00,000.00 | | 6,00,000.00 |
| Share in BISCOMAN | 200.00 | | 200.00 |
| Share in Cooperative Press | 25.00 | | 25.00 |
| Share in N.C.C.F. | 30,000.00 | 6,33,250.00 | 30,000.00 |
| **Current Assets :** | | | |
| Loans & Advances (Assets) | 2,90,68,67,808.78 | 2,90,68,67,808.78 | 2,88,06,78,754.92 |
| C/D | | | |
| | | 2,91,58,48,630.55 | 2,88,95,88,039.69 |

S.L. CHHAJED & CO. LLP ★ PATNA ★ CHARTERED ACCOUNTANTS

Figure in Rs

| B/D | | 2,36,41,88,376.65 | 2,52,66,45,577.78 | B/D | | 2,91,58,48,630.55 | 2,88,95,88,039.69 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Liabilities for expenses :** | | | | | | | |
| Bonus Payable to staff | 10,00,000.00 | | 10,00,000.00 | **Fixed Deposits** | | | |
| Group Insurance | 0.00 | | 50,831.00 | | | | |
| Audit Fee Payable | 50,000.00 | | 50,000.00 | ICICI bank Patna Kurji | 2,74,49,255.00 | | 2,29,80,712.00 |
| EPF Payable | - | | 79,47,123.00 | Axis Bank Patna | 1,31,54,032.00 | | 1,15,93,535.00 |
| other deduction | - | | 19,003.00 | PNB , Boring Road | 4,15,63,610.00 | 8,21,66,897.00 | 4,77,62,708.00 |
| TDS Payable | - | 10,50,000.00 | 10,71,387.00 | | | | |
| | | | | **Bank Accounts :** | | | |
| **Reserve & Surplus :** | | | | B.S.C. Bank | 70,35,435.59 | | 70,35,435.59 |
| Bad Debts Reserve | 4,97,17,308.05 | | 4,93,22,290.05 | Canara Bank,Muz | 5,39,663.07 | | 5,39,663.07 |
| Reserve Fund | 30,58,56,342.93 | | 28,49,73,684.93 | Canara Bank B udh Marg,Patna | 7,81,527.87 | | 7,81,527.87 |
| Leave Encashment | 2,40,12,965.03 | | 2,40,12,965.03 | SB Account with B.S.Co.op.Bank | 4,99,663.56 | | 4,99,663.56 |
| Welfare Fund | 1,28,92,649.76 | | 1,28,96,399.76 | Axis Bank | 70,30,345.24 | | 1,75,45,223.74 |
| Misc. | 92,47,352.59 | | 92,47,352.59 | Axis Bank Ranchi | 78,94,448.07 | | 2,16,33,873.55 |
| Dividend Fund | 1,34,69,033.00 | | 1,67,54,572.00 | PNB , Muz | 28,85,542.44 | | 1,51,12,505.48 |
| A G & Spl Meeting | 1,96,00,518.39 | | 2,26,03,868.39 | CBI | 6,300.00 | | 6,300.00 |
| Computerisation Fund | 2,23,35,651.17 | | 2,23,35,651.17 | Canara Bank,Ranchi | 28,43,417.16 | | 1,14,674.56 |
| Entertainment Reserve | 67,30,897.04 | | 67,30,897.04 | Canara Bank,Exhibition Road | (4,08,459.10) | | (4,08,459.10) |
| Education Cess 1% | 3,83,593.00 | | 2,92,88,919.19 | SB PNB , Muz | (4,68,665.00) | | (4,68,665.00) |
| Fidelity Premium Fund | 2,92,28,349.19 | | - | PNB , Patna | 1,02,50,646.85 | | 28,96,837.00 |
| Gratuity Fund | 4,24,72,544.03 | 53,59,47,204.18 | 4,24,72,544.03 | SBI, Patna | 5,09,095.00 | | 2,86,53,895.34 |
| | | | | ICICI Bank | 41,74,286.09 | 4,35,73,246.84 | 53,84,360.00 |
| **Profit & Loss Accounts** | | | | | | | |
| As per last a/c | 19,10,27,626.80 | | 16,10,08,325.62 | **ADVANCES :** | | | |
| Add During the year | 3,79,75,728.17 | 22,90,03,354.97 | 3,00,19,301.18 | Festival Advance | 9,252.00 | | 20,252.00 |
| | | | | Medical Advance | 1,40,000.00 | | 1,40,000.00 |
| | | | | Personal Advance | 1,96,62,680.00 | 1,98,11,932.00 | 1,81,25,735.00 |
| | | | | **Expenses Recoverable :** | | | |
| | | | | TDS | 33,63,860.00 | | 27,69,243.00 |
| | | | | ESIC, Patna | 2,35,102.85 | | 2,35,102.85 |
| | | | | Interest Recoverable | 6,31,24,441.00 | 6,67,23,403.85 | 15,18,82,322.00 |
| | | | | **Cash in hand** | | | |
| | | | | Muz | 5,26,123.54 | | 5,35,919.54 |
| | | | | Patna | 11,44,116.02 | 20,64,825.56 | 29,44,324.02 |
| | TOTAL RS. | 3,13,01,88,935.80 | 3,24,84,50,692.76 | | TOTAL RS. | 3,13,01,88,935.80 | 3,24,84,50,692.76 |

As per our report of even date
For S L CHHAJED & CO LLP
CHARTERED ACCOUNTANTS
FRN - 000709C/C400277

(Accountant) Accountant
UDIN:
Place: Patna
Date:
The Bihar Post & Telegraph Co-operative Society Ltd. Patna


(Manager) Manager
The Bihar Post & Telegraph Co-operative Society Ltd. Patna

(Treasurer) Treasurer
The Bihar Post & Telegraph Co-operative Society Ltd. Patna

(Secretary) Secretary
The Bihar Post & Telegraph Co-operative Society Ltd. Patna

CA GULSAN KUMAR
PARTNER
M.NO - 474032
Page 2 of 2

# 47वीं आम-सभा









# 47वीं आम-सभा



Multi-State Co-Operative Society Unde
47 वीं
दिनांक
स्थान-गे
THE BIHAR POSTS
&
TELEGRAPHS
CO-OPERATIVE
SOCIETY LTD.
47वीं




Multi-State Co-Operative Society Unde
47 वीं
दिनांक
-गेट
THE BIHAR POSTS

# 47वीं आम-सभा



